नव भारत



3 सोमवार को भी बुकिंग और डिलेवरी का काम



4 हल नहीं हुआ ईरान के नये शासन का मसला



5 ईरान युद्ध की स्थिति से तय शेयर बाजार की चाल



10 नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत परीक्षा आयोजित

# पांच राज्यों में बजा चुनावी बिगुल

## चुनाव आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी जानकारी, आदर्श आचार संहिता लागू

**824** विधानसभा सीटों पर डाले जाएंगे वोट

**2.19** लाख मतदान केंद्र बनेंगे

**17.4** करोड़ मतदाता करेंगे मतदान

**25** लाख चुनाव अधिकारी और कर्मचारी होंगे तैनात




**नई दिल्ली, 15 मार्च. चुनाव आयोग ने रविवार को असम, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अहम जानकारियां साझा की.**

असम, केरल और पुडुचेरी में एक चरण में 9 अप्रैल को चुनाव होंगे. वहीं, पश्चिम बंगाल में दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को मतदान होगा. जबकि, तमिलनाडु में एक चरण में 23 अप्रैल को मतदान होगा. इन सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश के चुनावों के नतीजे 4 मई को जारी किए जाएंगे. पांचों राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में चुनाव की घोषणा होने के साथ ही तत्काल प्रभाव से आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है.

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने बताया कि आयोग ने पिछले कुछ दिनों में सभी चुनावी राज्यों का दौरा कर तैयारियों की समीक्षा की है और राजनीतिक दलों, अधिकारियों तथा मतदाताओं से बातचीत की है. चुनाव आयोग की टीम ने इन राज्यों में जाकर विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया. इस दौरान सभी राजनीतिक दलों से मुलाकात कर उनके सुझाव भी लिए गए. साथ ही प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारियों, जिला निर्वाचन अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों, राज्य निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस महानिदेशकों से भी विस्तृत चर्चा की गई. उन्होंने बताया कि आयोग ने युवाओं और पहली बार मतदान करने जा रहे मतदाताओं से भी संवाद किया. इसके अलावा चुनाव प्रक्रिया को सुचारू बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) के काम की भी सराहना की गई. सीईसी ने युवाओं से विशेष अपील करते हुए कहा कि वे अपने मताधिकार का गर्व और जिम्मेदारी के साथ इस्तेमाल करें. उन्होंने कहा, मैं युवाओं से कहना चाहता हूं कि अब आप एक बेहद महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने जा रहे हैं, मतदान का अधिकार. अपने वोट का इस्तेमाल गर्व और जिम्मेदारी के साथ करें.

> सीईसी ज्ञानेश कुमार ने कहा कि ये पांचों राज्य और केंद्र शासित प्रदेश भौगोलिक और सांस्कृतिक रूप से एक-दूसरे से काफी अलग हैं. ऐसे में निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराया गया, जिससे कोई भी योग्य मतदाता वोट देने से वंचित न रह जाए और कोई अयोग्य व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो सके.

### कहां-कितनी सीटों पर होगा चुनाव

| राज्य | सीटें |
|---|---|
| प. बंगाल | 294 |
| तमिलनाडु | 234 |
| असम | 126 |
| केरल | 140 |
| पुडुचेरी | 30 |

**कब-कहां होंगे चुनाव**

- 9 अप्रैल को एक चरण में असम, केरल और पुडुचेरी में
- 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में पश्चिम बंगाल में
- 23 अप्रैल को मतदान एक चरण में तमिलनाडु में
- 4 मई को जारी किए जाएंगे नतीजे



## 14.13 करोड़ का सोना चांदी और नकदी बरामद

- सोना तस्करी गिरोह का भंडाफोड़
- सोना लेकर आए व्यक्ति और रिसीवर दोनों गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 15 मार्च (वार्ता) राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने दिल्ली और कोलकाता के बीच सक्रिय एक संगठित सोना तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है. मौके पर ही सोना लेकर आए व्यक्ति और रिसीवर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया. दोनों से पूछताछ के बाद जांच दिल्ली के अन्य ठिकानों तक पहुंची.**

कार्रवाई के दौरान एजेंसी ने 14.13 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का सोना, चांदी और भारतीय मुद्रा बरामद कर छह लोगों को गिरफ्तार किया है. एजेंसी की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, बरामदगी में 8,286.81 ग्राम सोना शामिल है, जिसकी कीमत लगभग 13.41 करोड़ रुपये बताई गई है. इसके अलावा 7,350.4 ग्राम चांदी जिसकी कीमत करीब 19.67 लाख रुपये है और 51.74 लाख रुपये की भारतीय नकदी भी जब्त की गई है. यह कार्रवाई सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के तहत की गई है. डीआरआई को मिली विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर यह ऑपरेशन शुरू किया गया था.

## भारत रत्न देने की मांग को लेकर राहुल ने लिखा मोदी को पत्र

**नई दिल्ली, 15 मार्च.** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सामाजिक न्याय आंदोलन के महान नेता कांशीराम को मरणोपरांत भारत रत्न देने की मांग की है.

गांधी ने अपने पत्र में कहा कि मान्यवर कांशीराम ने भारतीय राजनीति की दिशा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और बहुजन समाज तथा गरीब वर्गों में राजनीतिक चेतना जगाई थी. उनका कहना था कि उनके इन प्रयासों से भारतीय लोकतंत्र की नींव मजबूत हुई और राजनीतिक व्यवस्था न्यायपूर्ण बनी. मैं आपसे अनुरोध करने के लिए यह पत्र लिख रहा हूँ कि उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया जाए.

## बिरला ने धैर्य और संतुलन का दिया परिचय : पीएम मोदी

**नई दिल्ली, 15 मार्च. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव खारिज होने के बाद रविवार को पत्र लिख कर उनके संयमित और निष्पक्ष संचालन की सराहना की है.**

पीएम मोदी ने अपने पत्र में कहा कि संसद के भीतर लोकतांत्रिक परंपराओं और मर्यादाओं को बनाए रखने में अध्यक्ष की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है और हालिया घटनाक्रम में उन्होंने इसे प्रभावी ढंग से निभाया है. इस पत्र के जवाब में लोस बिरला ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि पीएम का पत्र भारतीय संसदीय लोकतंत्र के प्रति उनके गहरे विश्वास को दर्शाता है.






THE RESPONSIBLE JEWELLER™

भव्य शोरूम, सबसे विशाल ज्वेलरी कलेक्शन के साथ

ग्वालियर में

भव्य उद्घाटन आज

एक्सक्लूसिव प्रीव्यू सेल शुरू हो चुकी है।

मलाबार गोल्ड & डायमंड्स

मुख्य अतिथि



मा. श्री नरेंद्र सिंह जी तोमर

(अध्यक्ष- मध्यप्रदेश विधानसभा)

फ्लैट 9%* प्लेन गोल्ड ज्वेलरी के मेकिंग चार्जेस पर

30%* तक की छूट डायमंड वैल्यू पर

यह ऑफर केवल 22 मार्च, 2026 तक ही मान्य है।

*शर्तें लागू

मलाबार प्रॉमिसेस

संपूर्ण पारदर्शिता | आजीवन फ्री मेंटेनेंस का वादा | 100% वैल्यू सोने के एक्सचेंज पर | 100% वैल्यू डायमंड के एक्सचेंज पर | जांचे-परखे और प्रमाणित हीरे | बायबैक की गारंटी | कॉम्प्लीमेंट्री ज्वेलरी इंश्योरेंस | 100% HUID हॉलमार्क सोना | ज़िम्मेदारी से निर्मित सोना | उचित श्रमिक परिवेश | फेयर प्राइस पॉलिसी | एडवांस प्लान

समर्थ हाइट्स, महारानी लक्ष्मीबाई मार्ग, पड़ाव, होटल विनायक के पास, लश्कर, ग्वालियर 8462822811

BUY ONLINE AT: malabargoldanddiamonds.com | 14 देशों में 425 से अधिक शोरूम्स